डीआरएम कार्यालय के सभागार में पूर्व-मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने की सांसदों के साथ मंडल संसदीय समिति की बैठक

धनबाद से दिल्ली होते हुए जम्मूतवी के लिए मिलेगी ट्रेन

- बैठक में चार सांसद और 11 सांसद प्रतिनिधियों ने सौंपा मांग-पत्र
- रेल जीएम ने सभी मांगों पर सकारात्मक विचार करने का दिया आश्वासन
- धनबाद मंडल देश में माल लदान से प्राप्त आय में पहले स्थान पर : रेल जीएम

डीआरएम कार्यालय के सभागार में मंडल संसदीय समिति की बैठक में मंचासीन पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, सांसद ढुलू महतो, चंद्रप्रकाश चौधरी व अन्य।

धनबाद, मुख्य संवाददाता। धनबाद से दिल्ली होते हुए जम्मूतवी के लिए स्थायी ट्रेन चल सकती है। इसके लिए पूर्व मध्य रेलवे ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बुधवार को सांसदों के साथ मंडल संसदीय समिति की बैठक में भरोसा दिलाया कि लोकप्रिय स्पेशल ट्रेनों को स्थायी करने की दिशा में रेलवे गंभीर है। हाल के दिनों में ईसीआर की 23 स्पेशल ट्रेनों को स्थायी किया गया है।

डीआरएम कार्यालय के सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में हुई बैठक में बारी-बारी से सभी सांसद और सांसद प्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। रेल जीएम ने कहा कि धनबाद मंडल देश में माल लदान से प्राप्त आय में प्रथम स्थान पर है। धनबाद डिवीजन में यात्री सुविधा के क्षेत्र में कार्य कर गुरपा, पाथरडीह और कतरासगढ़ सहित तीन स्टेशनों पर रेल ओवरब्रिज का निर्माण, चार स्टेशनों के प्लेटफॉर्म का विस्तार और उच्चीकरण का कार्य पूरा किया गया। कोडरमा, गोमो और कतरासगढ़ स्टेशनों पर नए स्टेशन भवन का निर्माण किया गया। धनबाद से एलटीटी, भोपाल और पोत्तनूर की नई ट्रेनें चलाई गईं। मौके पर धनबाद सांसद ढुलू महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और चतरा सांसद काली चरण सिंह, डीआरएम अखिलेश मिश्र, पीसीओएम इंदू रानी दुबे, पीसीसीएम अमिताभ प्रभाकर, सीपीआरओ सरस्वती चंद्र, सीनियर डीसीएम मनीष सौरभ, सीनियर डीओएम मोहम्मद इकबाल, भाजपा नेता मिल्टन पार्थसारथी, नितिन भट्ट, अरुण जोशी आदि थे।

सांसद ढुलू महतो ने 18 सूत्री सौंपा ज्ञापन : सांसद ढुलू महतो ने 18 सूत्री मांगों का ज्ञापन रेलवे को सौंपा। सोनारडीह-लिलोरी स्थान रेलवे फाटक आरओबी, धनबाद-दिल्ली स्पेशल को स्थायी कर उसे कटरा तक चलाने, धनबाद से यशवंतपुर के बीच चल रही स्पेशल को रांची व तिरुपति के रास्ते नियमित करने, धनबाद से बक्सर की नई ट्रेन, धनबाद से हजारीबाग टाउन के लिए मेमू, गोमो से जसीडीह के बीच मेमू, धनबाद-एलटीटी एक्सप्रेस की यात्रा की अवधि घटाने व ट्रेन में पेंट्रीकार जोड़ने, स्वर्णरेखा एक्सप्रेस के समय में सुधार, धनबाद-चंद्रपुरा पैसेंजर ट्रेन के फेरे में वृद्धि, धनबाद-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस का कुमारधुबी स्टेशन पर ठहराव, आसनसोल-धनबाद रात्रिकालीन मेमू सेवा, हावड़ा-गया वंदेभारत का पटना तक विस्तार तथा प्रधानखंता के क्षतिग्रस्त फ्लाइओवर ब्रिज को शीघ्र चालू करने तथा प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए उचित डायवर्जन मार्ग की व्यवस्था करने की मांग उठाई गई।

गिरिडीह सांसद ने रखी 14 सूत्री मांग : गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने 14 सूत्री मांगें रखीं। उन्होंने पूर्वा एक्सप्रेस, जोधपुर एक्सप्रेस, दीक्षाभूमि एक्सप्रेस, हावड़ा-लालकुआं एक्सप्रेस और गरबा एक्सप्रेस का ठहराव गोमो में देने, धनबाद-चंद्रपुरा मेमू का विस्तार मूरी तक करने, रामकुंडा के पास चंद्रपुरा रेल लाइन का कनेक्शन महुदा सेक्शन के खरियो-गोमो रेल लाइन से करने, धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस को इंदौर तक चलाने, धनबाद स्टेशन के मेन गेट के पास स्वचालित सीढ़ी लगाने, कतरास में टाटा-जयनगर एक्सप्रेस, दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस, रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस, हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस का ठहराव देने तथा कोडरमा स्टेशन से टाटानगर के लिए फास्ट मेमू शुरू करने आदि की मांगें शामिल हैं।

चतरा सांसद ने छिपादोहर स्टेशन से लाइन शिफ्टिंग का किया विरोध

चतरा सांसद काली चरण सिंह ने छिपादोहर और हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन व रेल लाइन को हटाने या स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर विरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी होगी। एक बार जंगल को हटाकर रेल पटरी बिछाई गई, अब फिर से नए सिरे से नए स्थान पर वन क्षेत्र को हटा कर पटरी बिछाना पर्यावरण की दृष्टि से भी ठीक नहीं है।

रेलवे पेंशनर व आश्रित पैनल अस्पताल में करा सकेंगे इलाज

धनबाद, मुख्य संवाददाता। रेलवे पेंशनर और उनके आश्रित वैध मेडिकल कार्ड (उम्मीद कार्ड) से रेलवे जोन, मंडल, रेलवे अस्पताल अथवा हेल्थ यूनिट से संबद्ध होने के बावजूद भारतीय रेल के किसी भी अनुबंधित अस्पताल में इलाज करा सकेंगे। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने निर्देश जारी किया है। ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) के सदस्य जियाउद्दीन ने बताया कि इस संबंध में फेडरेशन ने 10 जून को रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। फेडरेशन के प्रयास से बोर्ड ने छह जुलाई को विस्तृत स्पष्टीकरण जारी कर फेडरेशन के उठाए गए बिंदुवार मुद्दों के निराकरण का निर्देश जारी किया है। इसमें स्पष्ट है कि रेलवे कर्मचारी या उसके आश्रितों को किसी भी पैनल अस्पताल में इलाज का अधिकार है।

सीएलआई मौत मामले की सीआईडी या सीबीआई जांच कराएं: अलारसा

- चीफ लोको पायलट की आत्महत्या मामले की जांच की उठी मांग
- लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन ने क्रू लॉबी में किया प्रदर्शन

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन के बैनर तले आंदोलनरत रनिंग कर्मचारी।

धनबाद, मुख्य संवाददाता। कोडरमा में राजधानी एक्सप्रेस से कटकर चीफ लोको इंस्पेक्टर (सीएलआई) बंगाली चंपिया की मौत के मामले में रनिंग कर्मचारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन (अलारसा) के बैनर तले धनबाद रेल मंडल की क्रू लॉबी में बुधवार को रनिंग कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। एसोसिएशन ने सीएलआई की मौत के मामले की जांच सीआईडी या सीबीआई से कराने की मांग की। साथ ही आरोपी सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (सीनियर डीईई) ऑपरेशन रजत सिंह को पद से हटाने की मांग पर रनिंग कर्मी अड़े हैं। धनबाद पहुंचे पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात कर मान्यता प्राप्त यूनियन ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन (ईसीआरईयू) ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की। मंडल अध्यक्ष सुनील साव के नेतृत्व में मंडल सचिव सुनील सिंह और सहायक सचिव निखिल कुमार ने न्याय की मांग की। जीएम से कहा कि उनका शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिलना, साथ ही उनकी पहचान एवं घटना की पुष्टि होने में देरी, कई गंभीर प्रश्नों को जन्म देती है। ऐसी परिस्थितियों में घटना के हर पहलू की निष्पक्ष जांच जरूरी है। जीएम को मांग-पत्र भी सौंपा गया, जिसमें सीनियर डीईई को पद से हटाने की मांग की गई।

अलारसा को जीएम से मिलने से रोका: अलारसा के प्रतिनिधि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत डीआरएम कार्यालय में जीएम से मिलने जा रहे थे। दोपहर सवा एक बजे आरपीएफ की टीम ने डीआरएम कार्यालय का मुख्य गेट बंद कर उन्हें रोक दिया। उन्हें जीएम से मिलने नहीं दिया गया। मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि कर्मचारियों के लिए भयमुक्त, सम्मानजनक और स्वस्थ कार्य वातावरण कायम होना चाहिए। जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए रजत सिंह को जांच पूरी होने तक प्रशासनिक दायित्वों से अगल रखा जाए। इस बाबत ईसीआर के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने कहा कि सीएलआई की मौत का मामला महाप्रबंधक के संज्ञान में है। हर गतिविधि और परिस्थिति पर प्रशासन की नजर है।

शहर 30 S

रिटायर सीआईएसएफ जवान के घर में चोरी

घर में चोरी की जानकारी देती महिला।

धनबाद। हीरापुर के जेसी मल्लिक रोड स्थित इंद्र नगर में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए तीन लाख रुपए नगद सहित लाखों के सोने के जेवरात की चोरी कर ली। मामले की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। बताया जा रहा है कि घर में रिटायर सीआईएसएफ जवान कृष्णा उर्फ सूरज रहते हैं। घर में मौजूद मकान मालकिन सीता देवी ने बताया कि चोर सीढ़ियों के सहारे प्रथम तल पर चढ़े और ऊपर बक्से में रखे तीन लाख नगद के अलावा लाखों के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। मकान के सामने जलजमाव है। लिहाजा घरवालों ने कीमती सामान व बर्तन दूसरी मंजिल पर रख दिया। चोर बक्से का ताला तोड़कर नगद के अलावा दो सोने की चेन, सोने की हार, चार झुमके, नाक का बेसर सहित अन्य गहने ले गए।

वन कर्मियों को धमकी मामले में गृह विभाग को पत्र

धनबाद। धनबाद वन प्रमंडल के अफसरों और कर्मियों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए वन पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग के अवर सचिव ने चास बोकारो के मुमताज अली के खिलाफ गृह विभाग को पत्र लिखा। सचिव ने आरोपी पर कार्रवाई करने को कहा। धनबाद के वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि मुमताज अली वन विभाग के रेंजर से लेकर कई कर्मियों को तंग कर रहे हैं। पत्र में मुमताज अली पर झूठा मुकदमा करने, अधिकारियों व कर्मियों को धमकाने, ब्लैकमेल कर पैसे मांगने तथा खुद को गलत ढंग से समाजवादी पार्टी का नेता बताकर ब्लैकमेल करने का जिक्र है। धनबाद वन प्रमंडल के कर्मियों ने भी हाल ही में केस किया था।

जिले में मोटे अनाजों की खेती को दिया जा रहा बढ़ावा

धनबाद। जिले में वित्तीय वर्ष-2026-27 के लिए झारखंड राज्य मिलेट मिशन के तहत किसानों का पंजीकरण शुरू हो गया है। जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा ने सभी प्रखंडों के कृषि कर्मियों को अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही किसानों से समय पर पंजीकरण कर योजना का लाभ उठाने की अपील की। मड़ुआ (रागी), बाजरा, ज्वार सहित अन्य मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार कुछ वर्षों से पोषक अनाजों का उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रही है। वर्ष-2025-26 में झारखंड के 32,911 किसानों को 15.63 करोड़ की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से दी गई।

नाबालिग के अपहरण में तीन पर एफआईआर

धनबाद। नाबालिग के अपहरण मामले में न्यायालय के आदेश पर बैंक मोड़ थाने में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छात्रा के पिता ने पुत्री के अगवा होने की शिकायतवाद कोर्ट में दर्ज कराया था। सीपी केस में आरोप लगाया गया कि 22 जून को उनकी पुत्री बिना बताए कहीं चली गई। 29 जून को उसकी बरामदगी भूली ओपी पुलिस ने जोड़ाफाटक चांदमारी निवासी रोहित कुमार उर्फ सूरज के घर से की। पुत्री नाबालिग थी। इसके बावजूद भूली पुलिस ने पुत्री को रोहित के घर भेज दिया। रोहित ने अपनी मां गुड़िया देवी और पिता गुड्डू मंडल के साथ मिलकर उनकी पुत्री का अपहरण किया है।

ट्रांसफॉर्मर में खराबी से कई घरों के उपकरण उड़े

धनबाद। बाबूडीह, पाल नगर और बरमसिया के सहजानंद नगर के ट्रांसफॉर्मर में मंगलवार की रात खराबी आ गई। इस कारण बुधवार की देर रात तक अंधेरा छाया रहा। लोगों को अधिक परेशानी हुई। वहीं बाबूडीह में ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर से दोपहर तक बिजली बहाल की गई। अन्य जगहों पर दिनभर बिजली नहीं रहने से लोगों को अधिक परेशानी हुई। बाबूडीह के ट्रांसफॉर्मर का क्वॉयल जल गया, जिससे अचानक वोल्टेज बढ़ गया। इस कारण कई घरों के पंखे, मोटर, टीवी सहित अन्य उपकरण में खराबी आ गई। लोगों को आर्थिक नुकसान हुआ।

दूसरी महिला को खड़ा कर बेच दी फ्लैट-जमीन

धनबाद। पत्नी की जगह दूसरी महिला को खड़ा कर पति ने फ्लैट-जमीन बेच दी। महिला ने बैंक मोड़ थाने प्राथमिकी दर्ज कराई। आवेदन में नया बाजार सुभान अपार्टमेंट निवासी खुशबू परवीन ने पति गुलजार अहमद सहित सात लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। आवेदन में बताया कि पति ने धोखे से फ्लैट को तोपचांची श्रीरामपुर निवासी अपने छोटे बहनोई मंजरुल हक के नाम पर ट्रांसफर करा दिया, जबकि सिमरियाटांड तोपचांची स्थित उनकी जमीन को हरिहरपुर निवासी अपनी बड़ी बहन मैमुन निशा के नाम रजिस्टर सेल डीड बना दिया। आरोप है कि उनकी जगह दूसरी महिला को खड़ा कर पुरुलिया से फर्जी पावर ऑफ अटर्नी बनाई गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

जनकपुर रोड में रुकेगी रक्सौल तिरुपति एक्सप्रेस

धनबाद। धनबाद होकर चलने वाली तिरुपति-रक्सौल एक्सप्रेस जनकपुर रोड स्टेशन पर भी रुकेगी। तिरुपति से चलने वाली ट्रेन 15 जुलाई से दोपहर 2.13 बजे और रक्सौल से चलने वाली ट्रेन नौ जुलाई से सुबह 5.10 बजे जनकपुर रोड स्टेशन पहुंचेगी। दोनों ओर से दो-दो मिनट का ठहराव दिया गया है।

सुब्रतो कप फुटबॉल आज से

धनबाद। बिरसा मुंडा स्टेडियम ठाकुरकुल्ही में गुरुवार से जिलास्तरीय 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता सह द्वितीय लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू होगी। नौ जुलाई को पहले दिन सभी प्रखंडों के अंडर-17 बालिका टीम से संबंधित मैच होंगे।

कार्यालय, जिला अभियंता जिला परिषद गिरिडीह

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई0-निविदा संख्या- **DE/ZP/GIRIDIH/15/RE1/2025-26**

ई- निविदा सूचना संख्या - DE/ZP/GIRIDIH/15/RE1/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:- 15वें वित्त आयोग के स्वास्थ्य प्रक्षेत्र योजना मद्।

क्रं0	ग्रुप नं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य अवधि
1	1	Construction of Primary Health Centre at Telonari under Block Bengabad District Giridih	**1,42,99,800.00**	**2,86,000.00**	**10,000.00**	**12** माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि - 10.07.2026
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक 10.07.2026 से दिनांक 18.07.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान- जिला अभियंता, जिला परिषद का कार्यालय, गिरिडीह।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय- 20.07.2026 अपराह्न 3:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- जिला अभियंता, जिला परिषद, गिरिडीह।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या - 7979762672 (संबंधित जिला अभियंता, गिरिडीह का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
11. जिला परिषद, गिरिडीह के समुचित श्रेणी एवं उससे एक उपर के निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, गिरिडीह।

PR 384334 (Rural Development) 26-27 (D)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

ROSARB राँची
तृतीय तल, एल एम स्क्वायर, सुजाता चौक, मेन रोड, राँची - 834001, झारखंड

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए विक्रय सूचना, परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) के प्रावधान देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 संगठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम- 8(6) के अंतर्गत अचल संपत्तियों के विक्रय का ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जन साधारण को सामान्यतः एवं ऋणी(यों), बंधककर्ता(ें) तथा जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्नवर्णित बंधक / प्रभारित अचल संपत्ति प्रतिभूत ऋणदाता के कब्जे में है, जिसका **"जहाँ है, जैसी है, जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली के लिए विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। ऋणकर्ताओं / बंधककर्ता / जमानतदार / सुरक्षित संपत्ति / बकाया राशि / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी तिथि एवं समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्नवर्णित है :

क्र. सं.	ऋणी/ बंधककर्ता/ जमानतदार का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त विवरण, जिसमें ज्ञात अदिभार (यदि कोई हो) भी शामिल है	कुल बकाया राशि/ ई-नीलामी की तिथि/ ई-नीलामी का समय	आरक्षित मुल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (रचनात्मक/भौतिक) / सम्पत्ति निरीक्षण तिथि एवं समय
01	**श्री रोहित कुमार, पिता श्री सुरेन्द्र प्रसाद** फ्लैट संख्या 3C, तृतीय तल, एम्बर रूबी अपार्टमेंट, चाणक्यपुरी, चिरा चास, बोकारो - 827013, झारखंड तथा फ्लैट संख्या 201, लक्ष्मी नारायण अपार्टमेंट, ब्लॉक-C, चिरा चास, बोकारो - 827013, झारखंड तथा घर संसार, स्टेशनरी दुकान, ओम कंस्ट्रक्शन, चिरा चास, बोकारो - 827013, झारखंड तथा C-240, प्रभुनाथ नगर, डाकघर-तारी, सारण, छपरा - 841301, बिहार।	समतामूलक बंधक (Equitable Mortgage) के अंतर्गत आवासीय फ्लैट से संबंधित संपूर्ण भूमि एवं संपत्ति, जो फ्लैट संख्या-C, तृतीय तल पर स्थित है, जिसका सुपर निर्मित क्षेत्रफल 1192.97 वर्ग फुट है तथा जिसके साथ बेसमेंट तल में आरक्षित कार पार्किंग स्थान भी सम्मिलित है। उक्त फ्लैट "**अम्बर रूबी**" नामक अपार्टमेंट में स्थित है, जो चाणक्यपुरी, चिरा चास, सर्वे प्लॉट संख्या 773, 775 एवं 795, खाता संख्या 172, मौजा-चास, थाना संख्या-30, वार्ड संख्या-2, उप-पंजीयक कार्यालय-चास, जिला-बोकारो में अवस्थित है। **सीमांकन :** उत्तर: लिफ्ट, दक्षिण: सड़क, पूर्व: गली, पश्चिम: फ्लैट 'B'	**₹ 22,41,004.18** + दिनांक 16.10.2023 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित तथा संविदात्मक देय राशि दिनांक 05.07.2026 को ₹ 31,87,148.66 है, इसके अतिरिक्त लागत एवं ब्याज देय होगा। **28.07.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रु. 23,89,500/- रु. 2,38,950/- रु. 24,000/-	**भौतिक कब्जा** **22.07.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
02	**श्रीमती बबीता कुमारी (ऋणकर्ता) पति - श्री अशोक मंडल** शिमला नगर, धैया, ग्रामीण बैंक के निकट, आई.एस.एम. धनबाद, धनबाद - 826004, झारखंड। तथा फ्लैट संख्या 4C, चतुर्थ तल, मातेश्वरी टॉवर, भेलाटांड़, थाना-बरवड्डा, धनबाद - 828103, झारखंड। **श्रीमती लक्ष्मी देवी (गारंटर/प्रतिभूति दाता) पति - श्री लालन सिंह** फ्लैट संख्या 1C, प्रथम तल, मातेश्वरी टॉवर, भेलाटांड़, थाना-बरवड्डा, धनबाद - 826004, झारखंड।	श्रीमती बबीता कुमारी, पति श्री अशोक मंडल की अचल संपत्ति का समतामूलक बंधक (Equitable Mortgage), जिसमें 975 वर्ग फुट निर्मित क्षेत्रफल (Built-up Area) तथा 1170 वर्ग फुट सुपर निर्मित क्षेत्रफल (Super Built-up Area) वाला चतुर्थ तल स्थित फ्लैट संख्या 4-सी सम्मिलित है। यह बहुमंजिला भवन/परिसर, जो "**मातेश्वरी टॉवर**" के नाम से प्रसिद्ध है, मौजा-भेलाटांड़, मौजा संख्या-89, खाता संख्या-24, प्लॉट संख्या-689, थाना-गोविंदपुर (वर्तमान थाना-बरवड्डा सदर), उप-पंजीयक कार्यालय-धनबाद, जिला-धनबाद में स्थित है। उक्त संपत्ति विक्रय विलेख संख्या 5534, दिनांक 03.07.2015 के माध्यम से अर्जित की गई है। **सीमांकन :** उत्तर: अमित सिंह की भूमि, दक्षिण: लिफ्ट एवं सीढ़ियाँ, पूर्व: फ्लैट संख्या 4-B, पश्चिम: कॉलोनी रोड	**₹ 22,74,009.00** + दिनांक 08.10.2018 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित तथा संविदात्मक देय राशि दिनांक 05.07.2026 को ₹ 33,23,867.08 है, इसके अतिरिक्त लागत एवं ब्याज देय होगा। **28.07.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रु. 18,95,400/- रु. 1,90,000/- रु. 19,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **22.07.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
03	**श्री मनोज कुमार मिश्रा (ऋणकर्ता) पिता - श्री बृज कुमार मिश्रा** फ्लैट संख्या 2A, द्वितीय तल, भेलाटांड़, थाना-बरवड्डा, प्लॉट संख्या-689, धनबाद - 826004, झारखंड। तथा ग्राम-शिमलाबेड़ा, दैनिक जागरण के निकट, धैय्या, धनबाद - 826004, झारखंड। **श्री अशोक कुमार मंडल (गारंटर/प्रतिभूतिकर्ता) पिता - श्री कृष्ण चन्द्र मंडल** ग्राम-शिमलाबेड़ा, दैनिक जागरण के निकट, धैय्या, धनबाद - 826004, झारखंड।	समतामूलक बंधक (Equitable Mortgage) के अंतर्गत आवासीय फ्लैट सहित संपूर्ण भूमि एवं संपत्ति, जो फ्लैट संख्या 2A, द्वितीय तल पर स्थित है, जिसका निर्मित क्षेत्रफल (Built-up Area) 1305 वर्ग फुट तथा सुपर निर्मित क्षेत्रफल (Super Built-up Area) 1566 वर्ग फुट है। इसके साथ बेसमेंट तल में आरक्षित कार पार्किंग स्थान भी सम्मिलित है। उक्त फ्लैट "**मातेश्वरी टॉवर**" नामक अपार्टमेंट में स्थित है, जो मौजा-भेलाटांड़, मौजा संख्या-89, प्लॉट संख्या-689, खाता संख्या-24, थाना-बरवड्डा, जिला-धनबाद में अवस्थित है। यह संपत्ति विक्रय विलेख संख्या 3234, दिनांक 27.04.2013 के माध्यम से श्री मनोज कुमार मिश्रा के नाम दर्ज है। **सीमांकन :** उत्तर: खुला आकाश, दक्षिण: खुला आकाश, पूर्व: खुला आकाश, पश्चिम: सीढ़ियाँ, लिफ्ट तथा उसके बाद फ्लैट संख्या 2B एवं 2C	**₹ 20,76,027.00** + दिनांक 16.10.2017 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित तथा संविदात्मक देय राशि दिनांक 05.07.2026 को ₹ 45,42,017.88 है, इसके अतिरिक्त लागत एवं ब्याज देय होगा। **28.07.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रु. 22,55,000/- रु. 2,25,500/- रु. 23,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **22.07.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं ऑनलाइन ऑक्शन पोर्टल **https://baanknet.com** देखें।

इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाइल नंबर **7542032124** पर संपर्क कर सकते हैं।

स्थान : राँची
दिनांक: 06.07.2026

विवाद/ त्रुटि की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

ह0/- प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा, ROSARB राँची

जीवीके पॉवर (गोइंदवाल साहिब) लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 10, पेगाह कॉलोनी, सरदार पटेल रोड, सिकन्दराबाद-500003 तेलंगाना, भारत CIN:U40109TG1997PLC028483
(गुरु अमर दास थर्मल पॉवर लिमिटेड, जीएटीपीएल की एक पूर्णतया स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी)
(पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड, पीएसपीसीएल की एक स्टेप डाउन पूर्णतया स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी)

एचओडी- इलेक्ट्रिकल, जीएटीपी, गोइंदवाल साहिब द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

1 निविदा पूछताछ सं. 172/जीएटीपी/ईएमडी/20018121 दिनांक 08.07.2026
निविदा विनिर्देशन में दिये गये विवरण के अनुसार 2X270 एमडब्ल्यू गुरु अमरदास थर्मल प्लांट (जीएटीपी), गोइंदवाल साहिब, जिला: तरनतारन, पंजाब में ''**जीएटीपी में जेनरेटर आरईएफ प्रोटेक्शन के लिए टू-लेयर कार्बन ब्रशेस की खरीद।**''

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना और निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया **दि. 08.07.2026 को 17.00 बजे से** https://eproc.punjab.gov.in देखें।

नोट: शुद्धिपत्र और अनुशेष, यदि कोई हो तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।

RO No. 1079/12/2026/27/13088 जीएटीपी-67/26

PSPCL पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड
(पंजी. कार्यालय: पीएसईबी हेड ऑफिस, दी मॉल, पटियाला - 147001)
कारपोरेट पहचान संख्या: U40109PB2010SGC033813
वेबसाइट: www.pspcl.in, मोबाइल नं.: 96461-10914

ई-निविदा पूछताछ सं.: **7830/P-1/EMP-13379** दिनांक: 03.07.2026

उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय (प्रोक्यूरमेंट सेल-1) जीजीएसएसटीपी, रूपनगर द्वारा एमवाईटी के अंतर्गत सीएचपी, जीजीएसएसटीपी, रूपनगर के लिए 01 सं. टेलीहैंडलर/टेलिस्कोप लोडर की खरीद के लिए ई-निविदा आईडी नं. 2026_POWER_171418_1 आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत नि.आ.सू. एवं निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया दि. 06.07.2026 को सायं 05.00 बजे से वेबसाइट https://eproc.punjab.gov.in देखें।

नोट: शुद्धिपत्र एवं अनुशेष, अगर कोई होगा तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।

RO No. 1079/12/2026/27/13087 आरटीपी- 67/26

कार्यालय नगर परिषद, फलोदी जिला-फलौदी (राज0)

क्रमांक / न0प0फ0 / 2026-27 / 2267 दिनांक :- 03.07.2026

-: ई-निविदा सूचना :-

नगर परिषद फलोदी द्वारा परिषद क्षेत्र में श्यामाप्रसाद मुखर्जी योजनान्तर्गत 03 कार्य हेतु सक्षम एवं राजकीय विभागों में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 28.07.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा की विस्तृत जानकारी वेब साईट https://eproc.rajasthan.gov.in, व https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है ।

Tender ID :- 2026_DLB_573113_1, 2026_DLB_573113_2, 2026_DLB_573113_3
UBN No. :- DLB2627WSOB09417, DLB2627WSOB09418, DLB2627WSOB09419

राज.संवाद / सी / 26 / 6409 आयुक्त, नगर परिषद,फलोदी

TENDER NOTICE

Offers are invited through GeM bidding from Original Equipment Manufacture/Direct Importers/Authorized Distributors (declared by principal firm only) for the supply & installation of **various Medical Equipment/Items for the various departments of the Institute.**

The Vendors are required to submit their offers on GeM portal only in two bids system i.e. Technical and Financial bid as per norms of GeM Portal.

For more detailed information you may please visit the GeM portal **www.gem.gov.in**. The list of the equipment will also be available on our website **https:// cancerinstitute.edu.in** for reference only. The offer will be accepted only on GeM portal with terms and conditions as mentioned against bidding documents.

The Director reserves the right to accept or reject any tender in part or full without assigning any reason thereof.

झारखण्ड ग्रामीण बैंक JHARKHAND GRAMIN BANK
Scheduled Bank Owned by Government

झारखण्ड ग्रामीण बैंक
क्षेत्रीय कार्यालय, गिरिडीह, RO-VI, द गैलेक्सी अपार्टमेंट, पावर हाउस गिरिडीह - 815301

शुद्धिपत्र

यह शुद्धिपत्र **झारखंड ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय-VI, गिरिडीह** द्वारा **चतरो (CHATRO), राजगंज (RAJGANJ)** और **हीरापुर (HIRAPUR)** शाखाओं के लिए लीज पर परिसर किराए पर लेने हेतु प्रकाशित 'प्रस्ताव आमंत्रण सूचना' (Notice Inviting Offers) के संदर्भ में है, जिसके तहत बोलियाँ (bids) जमा करने की अंतिम **तिथि 05.07.2026** को **शाम 4:00 बजे** तक थी।

चूँकि **चतरो** शाखा के लिए कोई भी बोली प्राप्त नह